कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के लिए प्रतिष्ठित राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड को वर्ष 2020-21 के लिए 'ग' क्षेत्र में राजभाषा हिंदी के सर्वोत्तम कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार के गृह मंत्रालय से सर्वोच्च राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। दिनांक 14 सितंबर, 2021 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर श्री मधु एस नायर, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, सीएसएल ने श्री निशिथ प्रामाणिक, माननीय गृह राज्य मंत्री से पुरस्कार ग्रहण किया। पूरे भारत में कोचीन शिपयार्ड ग-क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में तीसरे स्थान पर रहा, और कोचीन शिपयार्ड तीसरी बार यह पुरस्कार जीत रहा है।